तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 डीएवी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



## खबर संक्षेप

### पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता

**बैकुण्ठपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों में ईंधन की उपलब्धता की समीक्षा की गई। समीक्षा के अनुसार जिले के बैकुंठपुर, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1,64,631 लीटर पेट्रोल एवं 1,76,216 लीटर डीजल उपलब्ध है। विभिन्न ऑयल कंपनियों के पेट्रोल पंपों में नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। इसी प्रकार एलपीजी (घरेलू एवं व्यावसायिक) गैस की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिले में 783 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 228 व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा संबंधित एजेंसियों को निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से स्टॉक अपडेट रखें तथा आम नागरिकों को सुचारू रूप से ईंधन उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं पेट्रोल, डीजल या गैस का अनावश्यक भंडारण न करें।

### महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर वसूली

**सोनहत।** खंड क्षेत्र में इन दिनों महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए केवाईसी अनिवार्य है, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। इसके बावजूद क्षेत्र में हितग्राही महिलाओं से अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय महिलाओं के अनुसार केवाईसी के नाम पर प्रति हितग्राही 50 रूपए तक वसूले जा रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित इस प्रक्रिया की निगरानी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की जानी है, लेकिन विभागीय नियंत्रण कमजोर नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि खंड स्तर पर अनौपचारिक एजेंट सक्रिय हो गए हैं, जो महिलाओं को जल्दी केवाईसी कराने का लालच देकर निर्धारित केन्द्रों तक ले जा रहे हैं और उनसे रूपए वसूल रहे हैं, इससे योजना की पारदर्शिता और शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं, जिससे संदेह और गहरा रहा है।

### लू, डिहाइड्रेशन और आई फ्लू से बचाव एडवाइजरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। अप्रैल और मई के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी और हीटवेव (लू) को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और आंखों के संक्रमण (आई फ्लू) जैसी मौसमी बीमारियों के खतरे से आगाह किया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होना कई बीमारियों को जन्म देता है, इससे बचने के लिए नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और ओआरएस का सेवन करने की सलाह दी गई है। खान-पान को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। बासी और अस्वच्छ भोजन से उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं, इसलिए केवल ताजा भोजन ही सेवन करने की सलाह दी गई है। विभाग ने नागरिकों को दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने, सिर को ढककर रखने तथा हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। बाहर जाते समय टोपी और धूप के चश्मे का उपयोग भी लाभकारी बताया गया है। यदि किसी व्यक्ति को सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी या उल्टी जैसे लक्षण महसूस हों, तो तुरंत ठंडी जगह पर आराम करने और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने बताया कि लू लगना एक गंभीर स्थिति हो सकती है, जिसमें शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है और पसीना आना बंद हो सकता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है और नागरिकों से सतर्क रहकर सुरक्षित रहने की अपील की है।

## ओबीसी गणना की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने सौंपा ज्ञापन

# ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम निर्धारित हो

*रेल रोको आंदोलन की दी चेतावनी अधिसूचना में इसका प्रावधान नहीं होने से समाज में रोष एवं निराशा व्याप्त*

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

बुधवार को सर्व पिछड़ा वर्ग कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक प्रावधान करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा 22 जनवरी 2026 को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार जनगणना 2027 के लिए निर्धारित प्रश्नावली में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्ग का ही उल्लेख है, जबकि ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कोई कॉलम निर्धारित नहीं किया गया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में केन्द्र सरकार एवं विभिन्न माध्यमों से यह संकेत मिले थे कि आगामी जनगणना में ओबीसी की पृथक गणना की जाएगी, लेकिन वर्तमान अधिसूचना में इसका प्रावधान नहीं होने से समाज में रोष एवं निराशा व्याप्त है।

सर्व पिछड़ा वर्ग ने मांग की है कि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए स्पष्ट अलग कॉलम जोड़ा जाए, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या का आंकलन हो सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो 26 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर सांकेतिक रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व पिछड़ा वर्ग कोरिया के अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति, ओबीसी महासभा के उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, रामनारायण साहू, संतोष गोयन, धर्मसाय सारथी, हीरालाल साहू, विजय चक्रधारी, रामदास साहू, दयाराम प्रजापति, रामकुमार यादव, महेश यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे समाज के प्रमुख।

## मोबाइल ऐप से होगी जनगणना, 1 मई से मकान सूचीकरण का कार्य शुरू

भारत की जनगणना 2027 को लेकर कोरिया जिला में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कलेक्टर एवं प्रधान जनगणना अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए व्यापक तैयारी की है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा। जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण 1 से 30 मई के बीच संपन्न किया जाएगा। इसके अलावा, नागरिकों को स्वगणना की सुविधा भी दी गई है। कोई भी परिवार का मुखिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच जनगणना पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। स्वगणना के बाद प्राप्त कोड को प्रगणक को विजिट के दौरान बताना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इस डेटा का उपयोग केवल जनहित में नीतियों के निर्माण के लिए किया जाएगा, इसलिए नागरिकों से सही और पूर्ण जानकारी देने की अपील की गई है। जिले में सभी चार्ज अधिकारियों द्वारा हाउस लिस्टिंग ब्लॉक तैयार कर लिया गया है और प्रत्येक भवन की नंबरिंग भी पूरी कर ली गई है। फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मार्च महीने में ही पूरा कर लिया गया है। अब 15 अप्रैल से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जनगणना का दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी-मार्च 2027 में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।

## कोरिया-एमसीबी में नकली पनीर का कारोबार!

- विभाग सुस्त, आम जनता के सेहत से हो रहा खिलवाड़



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश में नकली पनीर बनाने वाले गिरोह के भंडाफोड़ ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। ऐसे में कोरिया और एमसीबी जिले में नकली पनीर के कारोबार से इनकार नहीं किया जा सकता है। यहां भी धड़ल्ले से पनीर बिक्री हो रहा, लेकिन संबंधित विभाग जांच के नाम पर एकदम सुस्त नजर आ रहा। ऐसे में लोगों के सेहत से सीधा खिलवाड़ हो रहा है।

गौरतलब है कि एनालॉग पनीर के नाम पर तैयार किया जा रहा यह जहरीला उत्पाद धड़ल्ले से बाजार में असली पनीर बनाकर बेचा जा रहा था, जबकि जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा रहा। एनालॉग पनीर कोई साधारण मिलावट नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। दूध के बजाय सस्ते रासायनिक और कृत्रिम पदार्थों से तैयार यह नकली पनीर खासकर गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकता है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि कोरिया जिला में इस तरह के खतरों के बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग की सक्रियता कहीं नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में न तो होटलों और डेयरियों की नियमित जांच होती है और न ही कोई जनजागरूकता अभियान चलाया जाता है। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नागरिकों का कहना है कि यह तंत्र केवल दीपावली, होली और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के दौरान ही जागता है। जिले के कई होटलों में गंदगी का आलम है। बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल में समोसे, बड़े और सब्जियां तलकर लोगों को परोसी जा रही हैं। नाम न छापने की शर्त पर उपभोक्ताओं ने बताया कि कई जगहों पर बीमार कर्मचारी गंदे कपड़ों में ही भोजन तैयार कर रहे हैं। इन होटलों के किचन में चले जाएं तो भूखे वापस होना ही महफूज होगा। वहीं सड़क किनारे ठेलों पर खुले में अस्वच्छ तरीके से नाश्ता बनाया और बेचा जा रहा है, जहां न तो स्वच्छता का ध्यान है और न ही किसी नियम का पालन। न तो इन विक्रेताओं को उपभोक्ताओं की सेहत की चिंता है और न ही प्रशासन का डर, क्योंकि निगरानी करने वाले खाद्य एवं औषधि विभाग ही कमजोर नजर आ रहा है।

## सुशासन तिहार: 30 तक लंबित मामलों का निपटारा

### 1 मई से लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार 2026 आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और जन समस्या निवारण शिविरों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल तक जिले में लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसमें भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही योजनाओं के भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

राज्य में 1 मई से 10 जून के बीच ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह पर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। साथ ही प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### निरीक्षण और समीक्षा

मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न जिलों में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे, इसके अलावा प्रभारी मंत्री और अधिकारी भी निरीक्षण करेंगे। हर जिले में समीक्षा बैठक आयोजित कर योजनाओं की प्रगति और शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

## मेगा काउंसलिंग कल, पुलिस प्रशासन ने की तैयारियां

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस प्रशासन द्वारा 17 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण मेगा काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आयोजित होगा, इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महिला सेल को इस आयोजन की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस काउंसलिंग कार्यक्रम में भिलाई एवं राजनांदगांव से वरिष्ठ पुलिस काउंसलर्स तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. आभाषaशी कुमार की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक विवादों के समाधान तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। पुलिस प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम की तैयारियां तत्काल प्रारंभ करें। आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ एक आकर्षक फ्लैक्सी तैयार करवाई जाएगी, जिसमें कार्यक्रम की तिथि और स्थान का उल्लेख होगा, इसके अलावा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया एवं सोशल मीडिया का सहारा लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें। प्रशासन ने सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे इसे अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुए आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें। यह पहल क्षेत्र में काउंसलिंग सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## लग्नसरा में बाजार गरमाया, खरीद-फरोख्त तेज



दुकान में भीड़-भाड़।

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

इन दिनों लग्नसरा (शादी-विवाह का मौसम) के चलते गांव, मोहल्लों और टोलों में मांगलिक कार्यक्रमों की भरमार है। इसका सीधा असर स्थानीय हाट-बाजारों में देखने को मिल रहा है, जहां खरीदारी तेज हो गई है। हाल के दिनों में महुआ संग्रहण का कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। ग्रामीण अब महुआ बेचकर प्राप्त राशि से शादी-विवाह और अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

15 अप्रैल को आयोजित साप्ताहिक बाजार में कपड़ा, बर्तन और किराना दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीण अपने-अपने जरूरत के अनुसार खरीदारी करते नजर आए। पूरे बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक चहल-पहल देखी गई और व्यापारी वर्ग भी अच्छी बिक्री से संतुष्ट नजर आया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: अधिकार सम्मान और नेतृत्व की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

नारी सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को मानस भवन बैकुंठपुर में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिलेभर की महिलाओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम की प्रभारी एवं संयोजक धर्मवती राजवाड़े ने जिले की सभी माताओं, बहनों और बेटियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान, अधिकार और नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो देश की राजनीति और सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने का भी आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उनके अधिकारों और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर रहेगा। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन नारी शक्ति की एकता, जागरूकता और



शेष पेज 4 पर

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

15 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक भव्य एवं जनजागरूकता से भरपूर पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना था। यह पदयात्रा सांई मंदिर तिराहा मनेन्द्रगढ़ से प्रारंभ होकर राम मंदिर तक निकाली गई। पदयात्रा में काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। देश में महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जा रहा है। इस अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं महिला प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा तथा समाज में उनकी भूमिका को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर चिरमिरी रामनरेश राय, श्रीमती यशवंती सिंह, उदित नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, श्रीमती जानकी बाई खुसरो, श्रीमती ज्योति गुप्ता, आशीष मजूमदार, आशीष सिंह, जमुना पांडे, श्रीमती सरोज यादव, जया कर, प्रवीण सिंह, कविता

शेष पेज 4 पर

## प्रतीक्षा बस स्टैण्ड समेत कई प्रमुख जगहों पर लोग होते हैं परेशान

# शहर में सार्वजनिक प्याऊ की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

नगर पालिका परिषद द्वारा बीते 1 अप्रैल को नपा क्षेत्र में 10 जगहों पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क खोला गया, लेकिन इसके विपरीत अप्रैल माह का एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ नहीं खुले हैं और राहगीरों को तपती धूप में रूपए खर्च कर बोतल बंद पानी खरीद कर पानी पीने को मजबूर है। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अब तक एक अदद नपा की ओर से शीतल पेयजल के लिए निःशुल्क प्याउ नहीं खोला गया है, जबकि प्रतीक्षा बस स्टैंड में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में बसें संचालित हैं, जिनमें काफी संख्या में लोगों का यहां-वहां आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में प्रतीक्षा बस स्टैंड में निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ नहीं खुले होने के कारण यात्रियों को हॉटलों का सहारा पेयजल के लिए लेना पड़ रहा है। कई बार तो यह भी देखने में आता हैकि हॉटल वाले भी गरीब ग्रामीणों को पानी देने में आना-कानी करते हैं, उन्हें यह कहा जाता है कि कुछ खाओं तब पानी मिलेगा। मजबूरी में न चाहते हुए भी ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को कुछ




शेष पेज 4 पर

### ओड़गी नाका से बस स्टैंड तक एक भी प्याउ नहीं

नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों के द्वारा गर्मी को देखते हुए शहर के 10 जगहों पर एक अप्रैल को सार्वजनिक प्याउ का शुभारंभ किया गया, लेकिन प्रमुख सार्वज्निक जगहों पर प्याउ की कमी बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शहर के ओड़गी नाका से लेकर प्रतीक्षा बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर कही पर भी निःशुल्क प्याउ के घडे दिखाई नहीं देते।

### गौरवपथ मार्ग पर भी नहीं खुला प्याउ

शहर के गौरवपथ मार्ग प्रमुख मार्गो में से एक है। इस मार्ग पर डाक घर, जनपद कार्यालय, जिला अस्पताल, सिटी कोतवाली, जिला जेल जैसे महत्वपूर्ण स्थल है। इन क्षेत्रों में प्रतिदिन लोगा की आवाजाही भी अधिक रहती है, बावजूद नगर पालिका द्वारा अब तक सार्वजनिक प्याउ नहीं खोल सकी है, जबकि अब गर्मी सताने लगी है और लोगों को अपना गला तर करने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है तो लोगों को रूपए खर्च कर पानी की बोतल खरीदी करना पड़ता है या फिर हॉटलों का सहारा लेना पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही अनियमितताओं के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर**। एनएसयूआई के संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष आदित्य जायसवाल नेतृत्व में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही आर्थिक अनियमितताओं और अभिभावकों के शोषण के विरोध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष लिए जा रहे अवैध री-एडमिशन शुल्क पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को ड्रेस, किताबें एवं अन्य शिक्षण सामग्री केवल स्कूल के निर्धारित काउंटरों से ही ऊंचे दामों पर खरीदने के लिए बाध्य किए जाने का विरोध किया गया। इस दौरान आदित्य जायसवाल ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा को व्यवसाय का रूप दे चुके हैं। बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दरों पर सामग्री बेचना और हर साल प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करना शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और कई अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। एनएसयूआई ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान सूर्यकांत, पंकज ठाकुर, विशाल, चंद्रप्रकाश, उत्कर्ष, अस्मित, सुरेंद्र, रंजीत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कोल वेतन समझौता 12 की कमेटी गठन में हो रही देरी पर बीएमएस ने जताई चिंता

**बिश्रामपुर**। कोयला उद्योग में कार्यरत लाखों मजदूरों के भविष्य से जुड़े एहम मुद्दे के विषय में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 12 के लिए कमेटी गठन में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन तथा बीएमएस के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पहल करने की मांग की है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 की समयावधि 30 जून को समाप्त होने जा रही है। ऐसे में परंपरा के अनुसार अगले वेतन समझौते 12 के लिए कमेटी का गठन पहले ही हो जाना चाहिए था, ताकि समय रहते मजदूरों के हितों पर चर्चा और निर्णय लिया जा सके, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम न उठाए जाने से श्रमिकों के बीच असमंजस और असंतोष की स्थिति बनती जा रही है। कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों का कहना है कि वेतन समझौता उनके जीवन का आधार है। इसी के तहत वेतन, भत्ते, सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा तय होती हैं। ऐसे में यदि समय पर नई कमेटी नहीं बनती, तो भविष्य को लेकर अनिश्चितता स्वाभाविक है।महामंत्री सुजीत सिंह ने अपने पत्र में यह भी संकेत दिया है कि यदि जल्द ही कमेटी गठन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो संगठन को आगे की रणनीति बनाने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने इसे मजदूर हितों की अनदेखी करार देते हुए कहा कि समय रहते समाधान जरूरी है।

### नजूल पट्टों के नवीनीकरण के लिए हो कारगर पहल, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर**। भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शहर के हजारों नजूल पट्टाधारकों की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है तथा इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल वार्डों में शिविर आयोजित करने सुझाव दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक दुबे ने बताया कि शासन द्वारा शहर के 20 हजार लोगों को नजूल पट्टा प्रदान किया गया है। इनमें से 80 फीसदी नजूल पट्टों की नवनीकरण अवधि समाप्त हो गई है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पट्टाधारक व्यवसाइयों ने पट्टे की भूमि को बैंक में बंधक रखकर व्यवसायिक लिमिट बनवाया है। ऑडिट में पट्टे की नवीनीकरण अवधि समाप्त होने की बात सामने आने के बाद बैंक अधिकारी लिमिट को निरस्त करने की चेतावनी दे रहे हैं जिसके कारण व्यवसायी काफी परेशान है। इस समस्या का त्वरित निराकरण नहीं किया गया तो लोगों की समस्या काफी बढ़ सकती है। उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए नजूल तहसीलदार, राजस्व निरीक्षण एवं पटवारियों को तैनात कर वार्ड-वार्ड शिविर लगाकर नवीनीकरण की प्राथमिक कार्रवाई पूरी करने एवं 30 वर्ष के लिए पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई करने की मांग की है।

### ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में डीईओ हुए रूबरू, फीस और किताबों पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर**। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल प्रांगण में टीचर्स पैरेन्ट्स मीट-फेस-टू-फेस का आयोजन हुआ। स्कूल में शिक्षा व्यवस्था, फीस संरचना तथा पाठ्य पुस्तक को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें लगभग 500 से अधिक अभिभावकों तथा शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा, सहायक संचालक रविशंकर तिवारी, प्राचार्य संजीव कुमार सिंह एवं शिकायत शाखा से अखिलेश सोनी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता, रखरखाव, एनसीईआरटी की पुस्तकें, ड्रेस एवं फीस संरचना पर अपने-अपने विचार साझा किये। स्कूल के प्राचार्य ने बताया की हमारी संस्था हमेशा बच्चों के शैक्षणिक स्तर, अभिभावकों की सहुलियत-सुविधा, शासन के दिशा निर्देश, विधि एवं विधान के अनुरूप कार्य करने के लिए तत्पर रहती है। अभिभावकों ने बताया की उन्होंने पुस्तक की लिस्ट आदि स्कूल के नोटिस बोर्ड एवं इसकी वेबसाईट से प्राप्त की है। यूनीफार्म अथवा पाठ्य पुस्तक किसी निर्धारित दुकान से स्कूल द्वारा खरीदने की अफवाह को निराधार बताया। कई अभिभावकों ने जिनमें डॉ. रितु सिंह एवं जॉय जयन्त चैधरी एवं विशाल सिन्हा ने बताया की एनसीईआरटी के साथ सप्लीमेन्ट्री बुक लगाना बहुत जरूरी है।

### कैंप लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक, बताएंगे आगजनी रोकने के उपाय

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली रैली





शहर में निकाली गई जागरूकता रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दमकल विभाग का अग्निशमन सुरक्षा आज से शुरू हुई। होमगार्ड के जवान समेत दमकल कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण पश्चात पुनः फायर स्टेशन परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली निकालने से पूर्व दमकल विभाग के शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा के बीच दमकल कर्मचारियों द्वारा जिले भर में कैंप लगाकर लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव व उपाय के संबंध में जागरूक किया जाएगा। संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठुतिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

होमगार्ड के जिला सेनानी एसके कठुतिया ने बताया कि देश में 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले में भी अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप दमकल कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाता है। रैली से पूर्व 1944 में एक हादसे में दमकल के कई जवानों ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल के बीच जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग आगजनी की घटना को लेकर जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित ऐसे संस्था में कैंप लगाकर जागरूक किया जाता है जहां आगजनी होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिकों को आगामी सप्ताह में किए जाने वाले अग्निशमन संबंधित रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी दी। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर बाइक व वाहन रैली को जिला सेनानी एसके कठुतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दमकल कार्यालय परिसर से शुरू होकर बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, महामाया चौक, बौरीपारा प्रतापपुर चौक, मिशन चौक होते हुए रिंग रोड नमनाकला से पुनः कार्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली में उप निरीक्षक संजय गुप्ता, अंजनी तिवारी, प्रमोद मिश्रा, गुलशन तिवारी, रामलाल, केवल साय सहित बड़ी संख्या में अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिक शामिल रहे।

**खास बात**

- सुरक्षा सप्ताह के बीच होगी संभाग स्तरीय फायर ड्रिल प्रतियोगिता

**अग्निशमन कर्मी हुए थे शहीद**

जिला सेनानी एसके कठुतिया ने बताया कि 1944 में विक्टोरिया डॉक यार्ड पर फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठ, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। अचानक उसमें आग लग गई थी। मुंबई के अग्निशमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण विस्फोट हुआ जिससे दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की चपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खालसा साजना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिक्ख समाज व श्रद्धालुओं द्वारा खालसा साजना दिवस श्रद्धा भाव व उत्साह के साथ मनाया गया।

गौरतलब है कि बैशाखी पर्व के दिन ही सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब द्वारा पंज प्यारे तैयार कर खालसा पंथ की स्थापना की गई थी तब से अभी तक सिक्ख परंपरा अनुसार प्रति वर्ष अप्रैल माह में बैसाखी पर्व व खालसा साजना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाकर खुशियां साझा की जाती हैं। बैसाखी पर्व मनाने के मद्देनजर दो दिन पूर्व रविवार को निशान साहेब के चोला साहेब कपड़े की सेवा सिक्ख सेवादार सरदार जगदीश सिंह बग्गा परिवार की तरफ से सम्पन्न कराई गई,तत्पश्चात रविवार को ही साध संगत की उपस्थिति में अखंड पाठ प्रारम्भ कराया गया जिसकी समाप्ति तीसरे दिवस मंगलवार के दिन हुई। तत्पश्चात रागी जत्था ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत व अजीत सिंह प्रीत द्वारा समूह साध संगत व श्रद्धालुओं को गुरबाणी रूपी शबद सुनाकर निहाल किया गया। इसके साथ ही दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद साहेब की धर्म स्थापना व मानवता के खातिर दिए हुए बलिदान को कथा के रूप में स्मरण कराया गया, बैशाखी पर्व मनाने हेतु श्रद्धालुओं ने भी सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं लंगर बनाने समेत साज सज्जा में अपनी भागीदारी दिखाई,सुबह से ही श्रद्धालुओं का गुरुद्वारा आने व श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी के समक्ष माथा टेककर मंगल कामना की अरदास करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा,अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर वर्ताया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूपी लंगर ग्रहण किया। खालसा साजना दिवस मनाने हेतु गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, स्त्री साध संगत, सिक्ख युवा समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

- रागी जत्थों के द्वारा किया गया शबद कीर्तन, अरदास समाप्ति पश्चात वर्ताया गया गुरु का लंगर

## भारतीय संविधान के वास्तुकार थे अम्बेडकर : ब्रम्हाशंकर

**अम्बिकापुर**। बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा सच्चिदानंद पाण्डेय, चन्द्रभूषण मिश्र, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, डॉ.उमेश पाण्डेय के आतिथ्य व वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में विचारगोष्ठी और सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह ने डॉ.अंबेडकर को भारतीय संविधान का प्रमुख वास्तुकार बताते हुए कहा कि उन्होंने जातिवाद व अस्पृश्यता-उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे एक महान शिक्षाविद्, विचारक, समाजसुधारक और राष्ट्रनायक थे। सही मायने में वे एक महामानव थे। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अलौकिक है। वे स्वतंत्रता, समता और बंधुता के प्रबल पक्षधर रहे। वे इनके द्वारा समाज की पुनर्रचना चाहते थे। 25 दिसंबर 1925 को महाड़ सम्मेलन में डॉ.अंबेडकर ने कहा था कि अस्पृश्यता निवारण का कार्य हिन्दू समाज को बलशाली बनाएगा। हमें पक्षपात, समाज के अमानवीय ढांचे को बदलना होगा ताकि हमारा देश मजबूत हो सके। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि डॉ.अंबेडकर समान नागरिकता के पक्षधर थे। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को मूलभूत अधिकार देता है। देश में केवल हिन्दू ही नहीं, मुस्लिम, ईसाई, यहूदी और पारसी भी रहते है। डॉ.अंबेडकर को जल संरक्षण का भविष्यदृष्टा बताया। जिन्होंने नदी जोड़ परियोजना की अवधारणा का सूत्रपात किया। कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहों में संविधान शिल्पी डॉ.अंबेडकर को महान ज्ञानी बताया। संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.माधुरी जायसवाल ने डॉ.अंबेडकर को एक अनमोल दीपक बताया। आशा पाण्डेय ने अपने दोहे में भारत रत्न अंबेडकर को देश की शान बताया, वरिष्ठ कवि चन्द्रभूषण मिश्र ने अपनी कविता से पंजूवादी शोषण की यादें ताजाकर दी। इनके अलावा डॉ.उमेश पाण्डेय, कवयित्री आशा मिश्रा, अजय सागर और राजेद्र राज की कविता ने कार्यक्रम को सरस और यादगार बनाया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दिनेश राजवाड़े, तृषा, मदालसा गुप्ता, प्रमोद और केशरवानी वैश्यसभा के उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता सहित अनेक काव्यप्रेमी उपस्थित थे।



## संयुक्त संचालक ने मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर स्थित मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संयुक्त संचालक गुप्ता ने निर्देशित किया कि जांची गई कॉपियों में से कुछ कॉपियों का पुनः अन्य मूल्यांकनकर्ताओं से परीक्षण कराया जाए, ताकि मूल्यांकन की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विषयों की शेष कॉपियों का मूल्यांकन कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मूल्यांकन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराएं। संयुक्त संचालक ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों ही मूल्यांकन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनसे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में समय पर जारी किए जाएं। संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने निर्देश दिए कि कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। मूल्यांकन कार्य में तेजी एवं गुणवत्ता दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम समय पर जारी किए जा सकें। संयुक्त संचालक के निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक अनिल अग्रवाल,प्राचार्य एवं मूल्यांकन केंद्र प्रभारी आशीष भट्टाचार्य एवं सभी सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदमः राजवाड़े

**अम्बिकापुर**। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 एक मील का पत्थर है। यह केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह ऐतिहासिक पहल साकार हुई है, जो महिला-नेतृत्व विकास के उनके संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करती है।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे नए भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कदम बताते हुए स्पष्ट किया है कि अब महिलाएं केवल नीति की लाभार्थी नहीं बल्कि नीति की निर्माता बनेंगी। यह प्रावधान महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा और लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी प्रयासों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेंगी तो वे अपने अनुभव, संवेदनशीलता और जमीनी समझ के साथ समाज के हर वर्ग के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे नीतियां अधिक जन-केंद्रित और न्यायसंगत बनेंगी। यह अधिनियम सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। वर्षों से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सीमित रही है, जबकि पंचायत स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे नेतृत्व में पूरी तरह सक्षम हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह पहल महिलाओं की उस क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने का ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यक्रम



**सूरजपुर**। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन कार्यक्रम प्रदेश की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिला आरक्षण बिल को एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय बताते हुए, इसे 21वीं सदी के सबसे बड़े फैसलों में से एक कहा।

उन्होंने देश में महिलाओं के नेतृत्व, सशक्तिकरण और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी पर जोर देते हुए, संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण को नारी शक्ति के प्रति सम्मान बताया। नारी सम्मान और सशक्तिकरण ही समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है,इसी संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर लोगों से कहा कि हम सभी पर मिस कॉल कर इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करें। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह, प्रतापपुर विधानसभा विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, भीमसेन अग्रवाल, श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, श्रीमती नूतन विश्वास सहित भाजपा की नारी शक्ति और युवा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नपं शिवनंदनपुर की मतदाता नामावली की गई प्रकाशित

**बिश्रामपुर**। नगर पंचायत शिवनंदनपुर आम निर्वाचन 2026 के तहत 1 अप्रैल की स्थिति में तैयार मतदाता नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के मतदान केंद्रों में कर दिया गया है,यह प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्देशानुसार की गई है,उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), जिला सूरजपुर ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने या त्रुटि सुधार के लिए 20 अप्रैल 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

उन्होंने नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नागरिकों, मतदाताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्ड के मतदान केंद्रों, नगरीय निकाय कार्यालयों, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में उपलब्ध मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि उनके एवं उनके परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम सही रूप से सूची में दर्ज हैं। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर नागरिक नगर पंचायत में नियुक्त अधिकृत कर्मचारी के समक्ष निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित कार्य 20 अप्रैल, अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा,वहीं नए मतदाता का नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई है,इसके बाद प्राप्त दावे या आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूक मतदाता बनें और अपने परिवार, मित्रों एवं पड़ोसियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें, ताकि सूची पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

- 20 अप्रैल तक सभी लोगों के दर्ज होंगे दावा-आपत्ति मुद्दे, नये मतदाता जोड़ने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई

### अंबेडकर जयंती अवसर पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**लखनपुर**। जनता पार्टी मंडल द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयंती के एक दिन पूर्व कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर संध्या दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया। भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया तथा लोगों को उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी क्रम में नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 शिवपुरी में भाजपा मंडल के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंबेडकर की प्रतिमा के लिए भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। संगोष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री विनोद, नकुल सोनकर, रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, राजेंद्र जायसवाल, मेश्वर राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, मोहन, यतेन्द्र पांडे, राहुल अग्रवाल, सुरेश, शिवा राज सिंह, सचिन बंसल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधोसंरचना मद की राशि का सरपंच ने किया गबन

**सीतापुर**। ग्रामीणों ने अधोसंरचना मद से गांव में सीसी रोड निर्माण हेतु स्वीकृत राशि का सरपंच द्वारा गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ने बीते साल निर्माण कार्य के नाम पर अधोसंरचना मद का लाखों रुपए आहरण कर लिया पर काम शुरू नहीं कराया। दफ्तरों तक सिमटे विभागीय अधिकारियों ने भी राशि आहरण के बाद सरपंच पर निर्माण शुरू कराने को लेकर कभी दबाव नहीं बनाया। राशि आहरण के काफी दिनों बाद भी जब निर्माण शुरू नहीं हुआ तब ग्रामीणों ने सरपंच पर सीसी रोड बनाने का दबाव बनाया लेकिन सरपंच पर ग्रामीणों के दबाव का कोई असर नहीं हुआ जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सरपंच पर अधोसंरचना मद का लाखों रुपए गबन करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत सोनतराई में 2024-25 में अधोसंरचना मद से 16 लाख की लागत से दो सीसी रोड निर्माण किया जाना था। जिसके लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। दोनों निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में ग्राम पंचायत सोनतराई के भुलसी टिकरा में किया जाना था। सरपंच ने विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाने वाली औपचारिकता के बाद प्रथम किस्त की राशि आहरित कर लिया था। दो सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए सरपंच ने प्रथम किश्त के रूप में 3 लाख 20 हजार-3 लाख 20 हजार कुल 6 लाख 40 हजार रुपये आहरण कर लिए थे।सरपंच द्वारा राशि आहरण करने के बाद ग्रामीणों को पूरा भरोसा था कि अब सीसी रोड का काम शुरू हो जाएगा। लेकिन बीते वर्ष राशि आहरण करने के बाद भी जब सरपंच ने काम शुरू नही कराया तब ग्रामीण सरपंच के नियत पर सवाल उठाने लगे।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

## लाइफ Style



# हुमा

## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की संसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने



अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पाट्‌र्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज


*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।



**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :** हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**डोमनहिल।** केबी पटेल महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों का शैक्षणिक भ्रमण गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क मनेन्द्रगढ़ में कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचीन समुद्री जीवाश्मों का अध्ययन कर भूवैज्ञानिक इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। यह पार्क एशिया का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म स्थल माना जाता है, जो हसदेव और हसिया नदियों के संगम पर स्थित है। यहां लगभग 280 से 290 मिलियन वर्ष पुराने प्रारंभिक पर्मियन काल समुद्री जीवाश्म संरक्षित हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने द्विकपाटी यूरिडेस्मा, एविकुलोपेक्टेन, गैस्ट्रोपोड, ब्रैचियोपोड, क्रिनोइड एवं ब्रायोजोअन जैसे जीवाश्मों का सूक्ष्म अध्ययन किया। साथ ही यह भी जाना कि यह क्षेत्र कभी टेथिस सागर के नीचे डूबा हुआ था। पार्क में स्थित व्याख्या केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों को भू-वैज्ञानिक संरचना, प्लेट विवर्तनिकी एवं जीवों की उत्पत्ति के सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस शैक्षिक भ्रमण में महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। भ्रमण को सफल बनाने में डीएफओ चंद्र कुमार अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

### जितेन्द्र बने क्षेत्रीय संचालन समिति के सदस्य

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में सक्रिय मजदूर नेता



जितेन्द्र श्रीवास्तव को एक अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्हें बैकुंठपुर एरिया की क्षेत्रीय संचालन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है, जिससे क्षेत्र के श्रमिकों में उत्साह और उम्मीद का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध समन्वय समिति एसईसीएल बिलासपुर द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से की गई है। इस नई भूमिका में श्रीवास्तव चरचा उपक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रमिकों की समस्याओं और उनके हितों को प्रमुखता से उठाएंगे। श्री श्रीवास्तव लंबे समय से मजदूर हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। प्रबंधन के समक्ष श्रमिकों की आवाज बुलंद करने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने में उन्होंने एक जुझारू और निडर नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनकी इस उपलब्धि पर संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, महामंत्री सुजीत सिंह सहित कई पदाधिकारियों और सहयोगियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से साकार होगा विकसित भारत का सपना

**बैकुण्ठपुर।** नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल माने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को लेकर जिले की महिला जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर बताया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक निश्चित ही देश की करोड़ो महिलाओं के लिए काफी लाभकारी साबित होगा, उन्होंने कहा आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी चमक व धमक बनाने में सफल हुई है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े ने कहा कि यह दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उनके अनुसार यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के प्रति सम्मान, विश्वास और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति का रूप माना गया है, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है। यह कानून उस असंतुलन को दूर करेगा और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भूमिका देगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो ने कहा कि यह दशकों पुरानी मांग थी।

## अंबेडकर जयंती पर उमड़ी भीड़

# कोयलांचल में गूंजा जय भीम का नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर चरचा कॉलरी क्षेत्र में भव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ। पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंगलवार शाम साकेत सदन से निकली भव्य रैली ने नगर को जय भीम के नारों से गूंजायमान कर दिया। रैली मजदूर चौक, मुख्य मार्ग होते हुए शिवपुर थाना के पास स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं और कर्मचारियों का जोश चरम पर रहा। रैली के बाद साकेत सदन में मुख्य समारोह आयोजित हुआ, इसमें एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार अहिरवार ने की। अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्री झा ने कहा कि समाज में बदलाव केवल औपचारिकताओं से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक कार्य से आएगा। उन्होंने युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने का संकल्प लें और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सोनपुरिया ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के मसीहा थे। उन्होंने उनके संघर्षों, संविधान निर्माण में योगदान और श्रमिकों व महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और समानता ही उनके विचारों की मूल आधारशिला है।



### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली

**मनेन्द्रगढ़।** नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खेड़यि चौक स्थित डीपीएस स्कूल प्रांगण में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल रैली निकाली गई। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पीडब्ल्यूडी तिराहा पहुंची, जहां समापन के पश्चात इमली गोलाई स्थित गोंडवाना भवन में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गुलाब कमरो रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी, एसटी,ओबीसी महासंघ के अध्यक्ष शरण सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, रामनरेश पटेल, ध्रुपद चौहान, रामगोपाल रवि, जिला पंचायत सदस्य उदित नारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजीत भगत, बाबू अज्जू कुमार रवि एवं दल प्रताप उर्रे शामिल रहे, इसके अलावा कार्यक्रम में वर्तमान समस्त सरपंच, समस्त जनपद सदस्य, समस्त पार्षदगण गढ़ के प्रतिनिधि, माताएं, महिलाएं, पुरूष सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त

**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में अक्षय तृतीय के मौके पर बड़ी तादाद में बाल विवाह होने की संभावना रहती हैं।

हालांकि लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद इसमें कमी आई है। जिले ने 19 अप्रैल को अक्षय तृतीय के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है। बाल विवाह में कमी लाने के लिए विभाग द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय, पंचायत, नगरी निकाय, धार्मिक स्थल स्तर पर जन जनगरूकता अभियान चलाया गया। समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन जागरण अभियान के तहत गांवों में मुनादी, दीवार लेखन, पाम्पलेट वितरण, रैली के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान के तहत विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 या आपाकालीन सेवा 112 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास से वरिष्ठ दिव्यांग नागरिक अमरनाथ को मिली सुकून की छत

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जमगहना के रहवासी अमरनाथ अपनी पत्नी के साथ गांव में एक साधारण जीवन व्यतीत कर रहे हैं।



जीवन की शुरूआत से ही शारीरिक कठिनाइयों से संघर्ष कर आगे बढ़ने वाले इस परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना ने एक नया कदम पूरा कर दिया है। वरिष्ठ हो चुके अमरनाथ को अब जाकर सुकून की छत नसीब हुई है। शारीरिक तौर पर कमजोर होने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहने वाले इस परिवार में खुशियों का समय आ गया है। अमरनाथ दिव्यांग हैं, जिसके कारण उनके लिए सामान्य कार्य करना भी कठिन हो जाता है। उनकी पत्नी भी उनकी देखभाल में हमेशा साथ रहती हैं, लेकिन दोनों की स्थिति ऐसी नहीं है कि वे भारी काम कर सकें। शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति जो परिस्थितियों के अनुसार अपने जीवन को ढालते आए वह शारीरिक कमजोरी के कारण स्वयं के लिए पक्का मकान बनाने की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। उनका जीवन पूरी तरह दूसरों की सहायता पर निर्भर था। अमर नाथ और उनकी पत्नी की कोई संतान नहीं है, जिससे उनके जीवन में एक खालीपन भी महसूस होता है। ऐसे समय में उनके भाइयों का परिवार और अन्य सदस्य ही उनका सहारा बने हुए हैं।

# डीएवी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**हरिभूमि वेस्ट चिरमिरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी के प्री-प्राइमरी विंग के प्रांगण में वार्षिकोत्सव ग्रेशियम धूमधाम से मनाया गया।






इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक चिरमिरी क्षेत्र अशोक कुमार एवं प्रेसीडेंट महिला संपदा मंडल चिरमिरी क्षेत्र श्रीमती बबीता कुमार, अतिथि उप क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। वहीं एसईसीएल एरिया के सभी सीनियर अधिकारी, बजरंगी शाही एवं जेसीसी मेंबर भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आशोक कुमार, श्रीमती बबीता कुमार एवं प्राचार्य एसके पांडे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत की गई। कक्षा यूकेजी और वन के बच्चों द्वारा एक्शन सांग की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी के बच्चों द्वारा वेस्टर्न डांस तथा तीसरी कक्षा के बच्चों के द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। आंग्ल लघु नाटक दी गिफ्ट ऑफ ग्रैटिटूड की प्रस्तुति ने जेन-जी को बहुत प्रभावी तरीके से अपना संदेश दिया। प्राचार्य एसके पांडे ने सत्र 2024-25 एवं 2025-26 की उपलब्धियों को अभिभावकों के समक्ष रखते हुए अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें मुख्य अतिथि अशोक कुमार एवं सम्माननीय अतिथि श्रीमती बबीता कुमार के कर-कमलों से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के तीन सूत्र बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम पढ़ना तत्पश्चात विचार करना उसके बाद लिखना यह हर विद्यार्थी के लिए बहुत जरूरी है। वरिष्ठ शिक्षक बीआर पंडा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। समस्त कार्यक्रम संगीत शिक्षक दीपांकर चक्रवर्ती के देख-रेख में संपन्न हुआ।

# संयुक्त संचालक ने मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर स्थित मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संयुक्त संचालक गुप्ता ने निर्देशित किया कि जांची गई कॉपियों में से कुछ कॉपियों का पुनः अन्य मूल्यांकनकर्ताओं से परीक्षण कराया जाए, ताकि मूल्यांकन की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विषयों की शेष कॉपियों का मूल्यांकन कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मूल्यांकन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराएं। संयुक्त संचालक ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों ही मूल्यांकन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनसे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में समय पर जारी किए जाएं। संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने निर्देश दिए कि कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। मूल्यांकन कार्य में तेजी एवं गुणवत्ता दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम समय पर जारी किए जा सकें।

# टाइगर रिजर्व के कौआ खोह जंगल में तीन दिनों से धधक रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व अंतर्गत सीमावर्ती रिहन्द परिक्षेत्र महुली अंतर्गत पूर्वी कौआ खोह पहाड़ी के जंगल में पिछले तीन दिनों से आग धधक रही है। आग जंगल के बड़े हिस्से में फैल गई है तथा विभाग द्वारा अब तक आग बुझाने की पहल प्रारम्भ तक नहीं की जा सकी है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है। ग्रामीणों द्वारा महुआ बीनने के लिए सूखे पत्तो में आग लगाने की संभावना जताई जा रही है। टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र कार्यालय महुली से कौआ खोह पहाड़ी लगभग चार किमी दूर है। शाम ढलने के बाद कार्यालय से पहाड़ी पर आग की उठती लपटें भी दिखाई दे रही हैं लेकिन विभाग द्वारा अब तक आग बुझाने की पहल प्रारंभ नहीं की गई है वनों को आग से सुरक्षा के लिए शासन स्तर पर भी व्यवस्था की गई है। धुंआ एवं आग की लपटें उठते ही सेटेलाइट आक्षांश एवं देशांश के आधार पर इसकी तत्काल सूचना उपलब्ध कराता है। प्रदेश कार्यालय द्वारा भी संबंधित वन अधिकारियों को इसकी तत्काल सूचना देने की व्यवस्था की गई है ताकि समय पर आग को नियंत्रित करने विभाग द्वारा भी जगह-जगह चौकीदारों की नियुक्ति की गई है इसके बावजूद विभाग जंगल जलने की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रविवार को पूर्वी कौआ खोह पहाड़ी के जंगल में आग की लपटें उठती दिखी थी। तीन दिनों से आग ने विकराल रूप ले लिया है तथा आग जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गई है। आग से वनस्पतियों एवं वन्य जीवों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### नजूल पट्टों के नवीनीकरण के लिए हो कारगर पहल, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शहर के हजारों नजूल पट्टाधारकों की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है तथा इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल वार्डों में शिविर आयोजित करने सुझाव दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक दुबे ने बताया कि शासन द्वारा शहर के 20 हजार लोगों को नजूल पट्टा प्रदान किया गया है। इनमें से 80 फीसदी नजूल पट्टों की नवनीकरण अवधि समाप्त हो गई है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पट्टाधारक व्यवसाइयों ने पट्टे की भूमि को बैंक में बंधक रखकर व्यवसायिक लिमिट बनवाया है। ऑडिट में पट्टे की नवीनीकरण अवधि समाप्त होने की बात सामने आने के बाद बैंक अधिकारी लिमिट को निरस्त करने की चेतावनी दे रहे हैं जिसके कारण व्यवसायी काफी परेशान है। इस समस्या का त्वरित निराकरण नहीं किया गया तो लोगों की समस्या काफी बढ़ सकती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नारी शक्ति वंदन ...

सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम टोली में शामिल प्रमुख सदस्य संयोजक धर्मवती राजवाड़े प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सदस्य नविता शिवहरे नगर पालिका अध्यक्ष, सदस्य रमावती राजवाड़े, सदस्य रीता यादव महिला मोर्चा अध्यक्ष रहेंगी। आयोजकों ने सभी से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें और नारी शक्ति के सम्मान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### नारी शक्ति वंदन ...

दीवान, रानी गुप्ता, मीनू पटेल, अर्चना विश्वकर्मा, अलका गांधी, रेणु सिंह, रमेश यादव, अंकित शर्मा, राहुल जायसवाल, मनोज केशरवानी, चंदा केशरवानी, मालती काशीपुरी सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शहर में सार्वजनिक ...

न कुछ खरीदी करना पड़ता है। वहीं कई यात्री ऐसे हैं, जो बस स्टैंड में निःशुल्क प्याउ की व्यवस्था नहीं होने के कारण 20 रूपए की पानी की बोल खरीदी कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं, इसके अलावा शहर के कई अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थल हैं, जहां अब तक नपा की ओर से निःशुल्क प्याउ नहीं खोल गया है। प्रतीक्षा बस स्टैंड के अलावा पुराने बस स्टैंड में भी एक अदद प्याउ नहीं खोला गया। नगर पालिका द्वारा चिरमिरी चौक से बिलासपुर रोड में एक सार्वजनिक प्याउ खोला गया, वहीं कुमार चौक से पैलेस मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास प्याउ खोला गया है, जबकि शहर के अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थल ऐसे हैं, जहां लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है, लेकिन अब तक ऐसे प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर नपा प्याउ नहीं खोल पाई है। शहर के कुमार चौक से सिविल लाईन मार्ग, सुभाषा चौक, एसईसीएल डिस्पेंसरी चौक तक एक भी प्याउ नपा ने नहीं खोला। यह वह क्षेत्र हैं,जहां प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना होता है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदमः राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 एक मील का पत्थर है। यह केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह ऐतिहासिक पहल साकार हुई है, जो महिला-नेतृत्व विकास के उनके संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करती है।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे नए भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कदम बताते हुए स्पष्ट किया है कि अब महिलाएं केवल नीति की लाभार्थी नहीं बल्कि नीति की निर्माता बनेंगी। यह प्रावधान महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा और लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी प्रयासों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेंगी तो वे अपने अनुभव, संवेदनशीलता और जमीनी समझ के साथ समाज के हर वर्ग के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे नीतियां अधिक जन-केंद्रित और न्यायसंगत बनेंगी।

